हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 10 जुलाई 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट


तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री


10 युवती की हत्या करने के बाद पुष्टि के लिए दो बार ...



12 आवेदनों का निर्धारित अवधि में नहीं हुआ निराकरण...




## खबर संक्षेप

### मोहर्रम 17 को, बंद रहेंगी मदिरा दुकानें

**बालोद।** छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने मोहर्रम के अवसर पर 17 जुलाई को जिले के देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान बालोद एवं विदेशी मदिरा दुकान तथा मद्य भण्डागार बालोद को पूर्णतः बंद रखने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया है। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने शासन के निर्देश बिंदु 16(16.1) के अंतर्गत जिले के देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान एवं विदेशी मदिरा दुकान तथा समस्त मदिरा दुकानों से संलग्न अहाता को 17 जुलाई (सम्पूर्ण दिवस) को बंद रखने के निर्देश दिए है। इस अवधि में मदिरा का संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### गुरुर कॉलेज में प्रवेश के लिए द्वितीय चयन सूची जारी

**गुरूर।** स्व. डारन बाई तारम शासकीय महाविद्यालय गुरुर में सत्र 2024–25 में प्रवेश के लिए द्वितीय चयन सूची जारी कर दी गई है। बीए, बीएससी, बीकॉम प्रथम वर्ष, डीसीए, पीजीडीसीए, एमए प्रथम सेमेस्टर राजनीति एवं भूगोल की कक्षाओं में प्रवेश के लिए 15 जुलाई तक प्रवेश की तिथि निर्धारित की गई है। प्राचार्य प्रो. केएल. रावटे ने बताया कि प्रवेश के लिए आवश्यक दस्तावेज ऑनलाइन आवेदन की हार्ड कॉपी, 10वी, 12वी, टीसी, चरित्र प्रमाण पत्र, माइग्रेशन, जाति, निवास, एंटी रैगिंग शपथ पत्र एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज की मूल एवं छायाप्रति प्रस्तुत करना होगा। प्रवेश प्रभारी के समक्ष निर्धारित तिथि तक आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर अपना प्रवेश सुनिश्चित कर सकते हैं। निर्धारित तिथि तक प्रवेश नहीं लेने पर सूची स्वतः समाप्त हो जायेगी।

### एकलव्य महाविद्यालय की द्वितीय मेरिट सूची जारी

**डौंडीलोहारा।** शासकीय एकलव्य महाविद्यालय, डौण्डीलोहारा में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के विभिन्न संकायों में प्रवेश लेने के लिए 7 जुलाई तक ऑनलाईन प्राप्त आवेदनों की द्वितीय मेरिट सूची जारी की गई है। 8 जुलाई को जारी सूची महाविद्यालय के सूचना पटल पर चस्पा के साथ ही महाविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड भी कर दी गई हैं। प्राचार्य राजूलाल कोसरे ने बताया कि जिनका चयन द्वितीय मेरिट सूची में हुआ है वे छात्र-छात्राएं ऑनलाईन आवेदन की हार्डकापी के साथ समस्त मूल दस्तावेज एवं उनके छायाप्रतियों एवं निर्धारित शुल्क के साथ महाविद्यालय में निर्धारित अंतिम तिथि 15 जुलाई तक प्रवेश ले लें। निर्धारित अंतिम तिथि तक प्रवेश नहीं लेने पर मेरिट सूची स्वतः समाप्त हो जायेगी।

### कुत्ते को पीटकर फांसी पर लटकाया, वीडियो वायरल

**भिलाई।** कुत्ते को डंडे से पीटकर फांसी पर लटकाने का वीडियो वायरल होने का मामला सामने आया है। घटना को अंजाम देने वाला एक दुकानदार है। उक्त दुकानदार ने कुत्ते को फंदे से उतार कर दफना भी दिया। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम निकुम निवासी भुवनेश्वर ने कुत्ते को मारकर फांसी पर लटका देने का वीडियो वायरल हुआ। भुवनेश्वर के पास पहुंचे उसने बताया कि वह कुत्ता पागल हो गया था। कुत्ते ने उसके बच्चों के साथ-साथ कई मवेशियों को भी काटा है। राह चलते किसी को भी काटने के लिए दौड़ता था। कई लोग परेशान थे। 6 जुलाई को उसने कुत्ते को डंडे से मारा, वह वहीं ढेर हो गया। उसने मेन रोड के किनारे लगे पेड़ में रस्सी से बांधकर कुत्ते को फांसी पर लटका दिया। शाम की घटना में जब भुवनेश्वर कुत्ते को फांसी पर लटका रहा था। तभी वहां से गुजर रहे गांव के एक युवक ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो देखने के बाद युवक ने 7 जुलाई को कुत्ते को फांसी से उतारा और पास में ही गड्ढा खोदकर दफना दिया था।

# देवरबीजा में मुख्य मार्ग के पास फैली गंदगी, बढ़ा बीमारियों का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला/कोदवा

बेमेतरा दुर्ग मार्ग पर स्थित ग्राम पंचायत देवरबीजा में गंदगी का आलम है। बता दें कि वर्ष ऋतु बारिश के दिनों में वार्ड व गलियों सहित नालियों की साफ सफाई जिले के ग्राम पंचायत एवं नगर पंचायत में किया जा रहा है। लेकिन ग्राम पंचायत देवरबीजा के मुख्य सड़क मार्ग से थानखम्हारिया जाने वाले मार्ग पर शौचालय के पास गंदगी का आलम है। लंबे समय से सफाई नहीं होने के कारण कचरे अधिक मात्रा में डंप हो गए हैं। वहीं, पास में नाडेप होने के बाद भी कचरे को इधर उधर बिखरा हुआ है। इसके बावजूद जनप्रतिनिधि सफाई करने में पीछे दिखाई दे रहे हैं। वहीं, एक तरफ शासन प्रशासन द्वारा साफ-सफाई स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है, ताकि प्रदेश में स्वच्छता के प्रति लोग जागरूक व स्वच्छ भारत बने। लेकिन, ग्राम पंचायत देवरबीजा के जनप्रतिनिधि द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दे पाने से उनकी कार्यशैली को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

उल्लेखनीय है कि बारिश के दिनों में मौसम परिवर्तन के साथ-साथ कई तरह के बीमारियां भी आती हैं। इसके कारण सावधानी के लिए साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देना जरूरी होता है। एक तरफ देवरबीजा में ऐसे डंप कचरा से बजबू आने लगी है। साथ ही इससे बीमारी फैलने की बड़ी आशंका जताई जा रही है।

### जिम्मेदारों के ध्यान नहीं देने से लोग परेशान



#### पास में ही है स्कूल

बता दें कि पास स्वामी आत्मानन्द स्कूल है जहां सैकड़ों बच्चे पढ़ने के लिए आते हैं। लंबे समय से सफाई नहीं होना लोगों के लिए गंभीर समस्या बन सकती है। फिर भी जनप्रतिनिधि व संबंधित अधिकारी द्वारा सुध नहीं ले रहे हैं। इस संबंध में जनपद पंचायत बेरला मुख्य कार्यपालन अधिकारी जागेन्द्र साहू ने कहा कि उक्त समस्या पर तत्काल सचिव को बोल कर समाधान कराया जाएगा।

**विवाद**

**थान खम्हरिया थाना क्षेत्र के ग्राम नवागांवकला में मंगलवार शाम हुई घटना**

# जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट, 6 घायल

हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/थान खम्हरिया

यदि किसी मामले का समय रहते निराकरण न हो तो, कभी कभी यह खतरनाक रूप ले लेता है। ऐसी घटनाओं के कारण लोगों को थाना क्षेत्र के समीपस्थ ग्राम नवागांवकला में मंगलवार की शाम जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में जबरदस्त खूनी संघर्ष हो गया। इसमें आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए।

घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार किया गया। घटना में एक पक्ष से 4 तथा दूसरे पक्ष से दो लोग घायल हुए हैं। इनमें से दो गंभीर लोगों को रायपुर रेफर किया गया। घटना को लेकर गांव में तनाव की स्थिति है। मामले में पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई की बात कही है।

**खास बातें**

- घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार, रायपुर रेफर किए गए दो गंभीर
- पुलिस ने कहा- विवेचना के बाद की जाएगी उचित कारवाई



मिली जानकारी के अनुसार नवागांवकला में अतिक्रमण को लेकर दो पक्षों में शिकवा शिकायत व तनाव की स्थिति बनी हुई थी। इसका नतीजा मंगलवार को खूनी संघर्ष के रूप मे सामने आ गया। पुलिस द्वारा दोनों पक्षों के बीच विवाद पर विवेचना के बाद उचित कारवाई करेगी।

#### तहसीलदार, एसडीएम व कलेक्टर तक शिकायत, पर नहीं निकला समाधान

गौरतलब है कि समीपस्थ ग्राम नवागांवकला में जमीन अतिक्रमण को लेकर दो पक्षों में वाद विवाद चल रहा था। तहसीलदार से एसडीएम व कलेक्टर तक दोनों पक्षों ने अपनी अपनी बात रखी थी। मगर प्रशासनिक कमजोरियों के कारण विवाद का समय रहते समाधान नहीं हो पाया। इस बीच दोनों पक्षों में विवाद बढ़ गया और एक बड़ी घटना घटित हो गई।

## बोरसी में बनेगा ऑक्सीजन हब



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के बोरसी ग्राम में आने वाले दिनों पर ऑक्सीजन हब बनाने जा रहा है। इसके लिए ग्रीन आर्मी की टीम जिला प्रशासन और आम नागरिक के साथ मिलकर बड़े पैमाने पर पौधारोपण करने जा रही है।

- जिला प्रशासन के सहयोग से ग्रीन आर्मी द्वारा लगाए जाएंगे 11 हजार पौधे

ग्रीन आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे ने इसी सिलसिले में बेमेतरा जिला के कलेक्टर रणवीर शर्मा से भेंट की। कलेक्टर से भेंट करने वालों में बोरसी गांव के जितेंद्र साहू अशोक पांडे झाला वर्मा सहित अन्य आम नागरिक भी शामिल थे। श्री दुबे के अनुसार ग्राम बोरसी में अगस्त माह के प्रथम सप्ताह में लगभग ग्यारह हजार पौधे जन भागीदारी से ग्रीन आर्मी के द्वारा रोपे जाएंगे । पौधों की प्रजाति में आम, इमली, जामुन, महुआ, बेल ,सीताफल टिकोमा, गुलमोहर, पीपल, नीम और बरगद के पौधे प्रमुख हैं। भविष्य में जहां फलदार पौधों से ऑक्सीजन लेवल की मात्रा बढ़ेगी तो वही दूसरी ओर लोगों को कुछ रोजगार के अवसर मिलेंगे । छायादार पौधे से क्षेत्र के वातावरण में ऑक्सीजन का लेवल बढ़ेगा। पौधारोपण के लिए लगभग 50 एकड़ जमीन का चिन्ह्यांकन भी कर लिया गया है। कलेक्टर श्री शर्मा ने ग्रीन आर्मी की इस पहल का स्वागत करते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

# बिजली की दरों में वृद्धि का कांग्रेस ने किया विरोध, की वापस लेने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांदघाट

प्रदेश में अघोषित बिजली कटौती और बिजली बिल में बेतहाशा वृद्धि को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नांदघाट ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में सोमवार को तहसील मुख्यालय नांदघाट के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने नांदघाट तहसीलदार जयंत पाटले और बिजली विभाग के जेई को ज्ञापन सौंपकर बढ़ी हुई दर वापस लेने की मांग की।

- नांदघाट ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने किया प्रदर्शन

इस दौरान बिजली में कटौती और बिल में बेतहाशा वृद्धि को लेकर कांग्रेसियों ने भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेस नेता विजय बघेल ने कहा कि बिजली कटौती और बिल में वृद्धि से हर कोई परेशान है।आमजन को राहत देते हुए पूर्व में भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार ने बिजली बिल हाफ की योजना चलाई थी। जिससे प्रदेश के लाखों उपभोक्ताओं को राहत मिल रही थी।लेकिन विष्णुदेव सरकार ने इस योजना को बंद कर दिया।जिससे लोग परेशान है।



जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष विजय यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों की वजह से राज्य में विद्युत आपूर्ति सरप्लस होने के बावजूद विद्युत दर में वृद्धि की गई । प्रदेशभर में हर बार अघोषित विद्युत कटौती से आम जनता और किसान परेशान है। ऐसे में लोगों पर महंगाई की मार पड़ रहा है। नांदघाट ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुशील साहू ने बिजली दर को वापस लिए जाने और प्रदेश में हो रही अघोषित विद्युत कटौती बंद करके प्रदेश की आमजनता और किसानों को राहत देने की मांग की है। धरना स्थल पर प्रमुख रूप से आरिफ बांठिया, राजेश्वरी विनायक,पप्पू मिरी, मोहन यादव,ओंकार वर्मा,नरेश कुर्रे,बेला सोनी, मिर्चीलाल साहू, भूषण निषाद सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।

**लगातार दूसरी बार सांसद बनने के बाद पहली बार बेमेतरा पहुंचे विजय**

# सांसद विजय का 5 साल का कार्यकाल उपलब्धियों वाला रहा : राजेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल चुनाव जीतने के बाद प्रथम बेमेतरा आगमन पर बेमेतरा शहर में ऐतिहासिक स्वागत हुआ। पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में सिग्नल चौक में फूल माला एवं आतिशबाजी से शहर मण्डल भाजपा के कार्यकर्ता एवं महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि विजय बघेल के पाँच साल का कार्यकाल उपलब्धियों वाला रहा। उनका मतदाताओं से निरंतर सम्पर्क रहा। बेमेतरा विधानसभा की जनता एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के सुख-दुख में उनका आना-जाना रहा। छत्तीसगढ़ में उस समय भाजपा की सरकार नही थी। उसके बाद भी सांसद ने बेमेतरा क्षेत्र का विकास एवं निरंतर जन सम्पर्क करते रहे। बेमेतरा शहर की जनता उनके स्वागत में सड़को में उमड़ पडी ।





#### फूलों से तौले गए सांसद बघेल

**बेमेतरा।** दुर्ग लोकसभा में ऐतिहासिक जीत दर्ज कर छत्तीसगढ़ प्रदेश के इतिहास में दूसरे नंबर पर विजय प्राप्त करके धन्यवाद आभार रैली शहर में निकाली गई। इस दौरान शहर के वार्ड क्रमांक 11 में पार्षद नीतू कोठारी ने तिलक लगाकर वार्डवासियों के साथ सांसद विजय बघेल को फूलों से तौलकर जेसीबी से पुष्प वर्षा की। वार्डवासियों ने सांसद का स्वागत कर बधाई दी। वहीं सांसद विजय बघेल ने जनता को धन्यवाद देते हुये कहा कि ये जनता की जीत है। जनता के आशीर्वाद से मुझे दो बार सांसद बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। उसके बाद वार्डवासियों ने सांसद को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर सुरेश पटेल,प्रफुल शर्मा,अमित माहेश्वरी,आदित्य राजपूत,राजकुमार चौहान ,सुनील डागा,नरेश साहू,सुदर्शन वैष्णव,रामअवतार साहू,निवेदिता शरद जोशी,नीतू कोठारी धानबाई साहू ,सरस्वती साहू,बैसाखीन साहू,कलावती पाठकर,शकुन साहू एवं समस्त वार्डवासी उपस्थित रहे।



#### जनता व कार्यकर्ताओं का जताया आभार

सांसद विजय बघेल ने ऐतिहासिक स्वागत पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं बेमेतरा विधानसभा की जनता का धन्यवाद करते हुए कहा कि बेमेतरा आने पर मुझे आपार खुशी होती है। यहां के भाजपा कार्यकर्ता मेरे घर परिवार जैसे है। बेमेतरा विधानसभा के विकास के लिए मैं हमेशा तत्पर रहूंगा । छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार है, निश्चित रूप से बेमेतरा विधानसभा में विकास के महत्वपूर्ण कार्य होंगे। बेमेतरा की जनता ने मुझे पिछले चुनाव से ज्यादा मतों से जीताया है। मैं क्षेत्र की जनता जीवन भर आभारी रहूंगा।

**विधायक दीपेश ने भी जताया आभार:** विधायक दीपेश साहू ने भी बेमेतरा विधानसभा के मतदाताओं का धन्यवाद देते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव के बढ़त से ज्यादा मतों से लोकसभा चुनाव में जनता ने जिताया है। सांसद विजय बघेल का बेमेतरा आगमन होने पर राहुल अग्रवाल एवं योगेश वर्मा ने गस्ती चौक में स्वागत किया। उसके बाद विजय बघेल स्वल्पाहार के लिए पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा के निवास पहुंचे।

**कलेक्टोरेट पहुंचे नागरिकों ने कलेक्टर शर्मा से की मुलाकात**

# समस्याओं व मांगों के संबंध में जनदर्शन में 32 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टोरेट में प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाले जनदर्शन में जिले के विभिन्न दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले 32 आवेदकों ने अपनी समस्याओं, मांगों और शिकायतों से संबंधित आवेदन दिया। कलेक्टर ने जनदर्शन में आम जनता की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित विभाग को तुरंत निर्देश जारी किए। उन्होंने अधिकारियों को जनता की समस्याओं की नियमित समीक्षा करने और उन पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

जनदर्शन में लोगों ने अपने विभिन्न समस्याओं, जैसे पानी, बिजली, सड़क, और सरकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दों को उठाया। कलेक्टर ने अधिकारियों को इन समस्याओं का समाधान शीघ्रता से करने का आदेश दिया। जनदर्शन का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करना और सरकारी सेवाओं की बेहतर उपलब्धता सुनिश्चित करना है। जनदर्शन मे आने वाले सभी लोगों की समस्या और उनके समाधान का निराकरण भी किया जाता है। आज के जन चौपाल में कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर और समक्ष बुलाकर संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कुछ आवेदन मौके पर ही निराकरण किए गए। आज के जन चौपाल में 32 आवेदन विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित थे, जिन्हे संबंधित विभाग के अधिकारियों को निराकरण हेतु भेजा गया। जन चौपाल में दूरदराज के गांवों से अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुँचे लोगों में से तहसील बेमेतरा के ग्राम बड़गड़ा के निवासी संतोष लोधी ने अपने कृषि पर दुसरे द्वारा किया कब्जा हटाने के संबंध में आवेदन दिया। तहसील बेरला के ग्राम खर्रा निवासी राम वर्मा ने ऑनलाइन भूमि रिकार्ड सुधार करवाने के संबंध में आवेदन दिया।



#### लेंजवारा के पंचों ने की भ्रष्टाचार की शिकायत

तहसील बेरला के ग्राम लेंजवारा के समस्त पंचगण ने विकास कार्यो में हो रहे घोटालों और भ्रष्टाचार के संबंध में आवेदन दिया। तहसील बेमेतरा ग्राम खाम्ही निवासी राधेलाल निषाद ने उपस्वास्थय केन्द्र मरका में प्रसव कराने में मना करने, अभद्र व्यवहार करने के संबंध में आवेदन दिया। तहसील नवागढ़ ग्राम अंधियारखोर के समस्त ग्रामवासी ने पुलिया एवं नाली से अतिक्रमण हटाने तथा पानी निकासी की व्यवस्था को दुरूस्त करने के संबंध में आवेदन दिया। इसी तरह गली को अतिक्रमण कर बेल्डिग दुकान चलाया जा रहे उसे हटाने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील साजा के ग्राम परसबोड़ निवासी भागवत घृतलहरे ने चार माह मजदूरी भुगतान दिलाये जाने के संबंध में, अतिक्रमण हटाने, नामांतरण करने, आर्थिक सहायता प्रदान करने आदि के संबंध में आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर एडीएम अनिल वाजपेयी, संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग, सहित संबधित अधिकारी उपस्थित थे।

### पुल की रेलिंग से टकराई बाइक, युवक की मौत

**डौंडीलोहारा।** सोमवार की रात्रि लगभग साढ़े बारह बजे नगर के लोहारा नाला की रेलिंग से टकराने से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मूलतः भिलाई निवासी गोविंद साव उम्र 41 वर्ष रात्रि में ढाबा से खाना खाकर वापस नगर की ओर अपने मोपेड से लौट रहा था। इस दौरान लोहारा नाला के पुल से लगी हुए लोहे की रेलिंग से टकरा गया। इससे उसके सिर व छाती में गंभीर चोट लगी। राहगीरों की सूचना पर संजीवनी 108 की टीम द्वारा उसे नगर के शासकीय अस्पताल में ले जाया गया, जहां परीक्षण के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित किया। मृतक नगर में एक डेढ़ माह पूर्व ही आया था व नगर के देशी शराब दुकान के पास स्थित अहाता चखना दुकान चलाता था। विवेचना अधिकारी एएसआई धनेलिया ने बताया कि मृतक स्वयं गिरा या किसी वाहन की टक्कर से गिरा यह जांच का विषय है।


**पाठक सूचना**

बेमेतरा जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### कब्रिस्तान में किया पौधारोपण

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा जिला रायपुर द्वारा सोमवार को नए बिरगांव कब्रिस्तान जमीन में पौधारोपण किया गया। यह कार्यक्रम अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष अब्दुल नासिर खान की अध्यक्षता में किया गया। पौधारोपण करने वालों में मोर्चा से प्रदेश प्रभारी डॉ. सलीम राज, प्रदेश महामंत्री मखमूर खान, जिला महामंत्री लकविंदर सिंह, जिला उपाधयक्ष मोबीन खान, जिला मंत्री मासूम अली, जिला मंत्री मोज्जम मेमन, पुरानी बस्ती मंडल अध्यक्ष आरिफ खान, भानपुरी मंडल अध्यक्ष अजहर नदीम, उजैर कुरैशी, प्रदेश के पदाधिकारी असगर अली, गुलाम गौस, इरशाद अली सहित मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित रहे।

### प्रतिभा सम्मान समारोह 14 को

**रायपुर।** अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति छत्तीसगढ़ द्वारा 14 जुलाई को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में शाम 4 बजे से प्रारंभ होगा। इस कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के ऐसे बच्चे, जो इस सत्र के 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं, उनका सम्मान किया जाएगा। ऐसे बच्चों के माता-पिता पदाधिकारियों के नंबर पर संपर्क कर निशुल्क रजिस्ट्रेशन तत्काल करा सकते हैं। यह जानकारी समाज के अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाकर एवं कार्यक्रम में उपस्थिति प्रदान कर बच्चों को प्रोत्साहित करें। रजिस्ट्रेशन के लिए 9827110021, 7049090502 इस नंबर में संपर्क कर सकते हैं।

### आपसी रंजिश के चलते मारपीट

**रायपुर।** खमतराई थाने में एक युवक ने दो अन्य युवकों तथा



उसके साथियों के खिलाफ आपसी रंजिश के चलते मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, डब्लूआरएस कालोनी निवासी अमन चौहान ने आकाश यादव, प्रकाश तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। अमन ने पुलिस को बताया कि पुरानी रंजिश के चलते आकाश तथा उसके साथियों ने रास्ते में रोककर उससे मारपीट की।

### 11 को नहीं होगा जनदर्शन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का हर सप्ताह गुरुवार को होने वाला जनदर्शन इस गुरुवार 11 जुलाई को अपरिहार्य कारणों से नहीं होगा।

### भाठागांव की शराब दुकानें बंद करने की मांग

**रायपुर।** रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड एवं भक्त माता कर्मा वार्ड में स्थित देशी-विदेशी शराब दुकान को लेकर क्षेत्र की जनता उद्वेलित है। भाठागांव बस्ती में स्वामी आत्मानंद स्कूल के पास और भक्त माता कर्मा वार्ड में वॉलफोर्ट सिटी के पास मुख्य मार्ग पर शराब दुकान के साथ चखना सेंटर खोले गए हैं। इस समस्या को लेकर सत्यमेव जयते फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष कन्हैया अग्रवाल ने कलेक्टर जनदर्शन में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह को ज्ञापन सौंपा।

### मूणत ने व्यापारी संघ की नई कार्यकारिणी को दिलाई शपथ

**रायपुर।** रायपुरा महादेवघाट स्थित राम-जानकी मंदिर परिसर में रायपुरा व्यापारी संघ द्वारा आमसभा एवं नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक राजेश मूणत बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए। इसी दौरान विधायक श्री मूणत ने रायपुरा व्यापारी संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। साथ व्यापारियों को हरसंभव सहायता का अश्वासन भी दिया।

# पहले दिन असर कम, सीमांकन-नामांतरण सहित कई काम अटके, पर पुराने प्रकरणों पर हुई सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पटवारियों की हड़ताल के पहले दिन से ही प्रदेशभर के जिलों में कलेक्टोरेट व तहसील कार्यालयों में कामकाज पर असर कम पड़ा। सीमांकन, नामांतरण, बटांकन, नक्शा सुधार से लेकर अन्य राजस्व संबंधी कई कामकाज प्रभावित जुरूर हुए, लेकिन कलेक्टोरेट व तहसील कार्यालयों में चल रहे पुराने प्रकरणों पर इसका असर कम देखा गया। पुराने कई प्रकरणों में पटवारियों का काम पूरा कर चुके हैं। इसके कारण सुनवाई में हड़ताल का असर ज्यादा नहीं पड़ा। हालांकि आगामी दिनों में भी हड़ताल जारी रहेगी तो इससे आम आदमी की दिक्कतें जरूर बढ़ेगी।

## पटवारी हड़ताल का पहला दिन होने के कारण इसका असर ज्यादा नहीं पड़ा

### कलेक्टोरेट में राजस्व संबंधी प्रकरणों पर भी कम असर

कलेक्टोरेट में भी हड़ताल का पहला दिन होने के कारण ज्यादा असर नहीं पड़ा। राजस्व संबंधी प्रकरणों की सुनवाई होते रही। अपर कलेक्टर राजस्व कीर्तिमान सिंह राठौर ने बताया कि पटवारियों की हड़ताल का पहला दिन होने के कारण इसका असर राजस्व प्रकरणों पर नहीं पड़ा, लेकिन हड़ताल जारी रहेगी तो आगे कामकाज जरूर प्रभावित होगा।




### रजिस्ट्री पर आगामी दिनों में पड़ेगा असर

पटवारियों के हड़ताल के कारण रजिस्ट्री पर भी पड़ेगा। हालांकि पहला दिन होने के कारण इसका असर नहीं पड़ा। उप पंजीयक मंजुशा मिश्रा ने बताया कि पटवारियों के हड़ताल के कारण फिलहाल सप्ताहभर तक प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि रजिस्ट्री कराने वाले ऑनलाइन आवेदन कर टोकन ले चुके हैं, लेकिन आगामी दिनों में हड़ताल के कारण असर जरूर पड़ेगा। प्रॉपर्टी की खरीदी-बिक्री से पहले कई दस्तावेजों को कम्प्लीट करने में पटवारियों की जरूरत पड़ती हैं। इन दस्तावेजों के बिना ऑनलाइन आवेदन भी नहीं हो पाएगा।

### रायपुर तहसील में दिखा कम असर

पटवारियों के हड़ताल का असर रायपुर तहसील कार्यालय में कम दिखा। अतिरिक्त तहसीलदार पवन कोसमा ने बताया कि पटवारियों की हड़ताल के कारण सीमांकन, नामांतरण, नक्शा सुधार सहित अन्य कई काम जरूर नहीं हो पाए, लेकिन हड़ताल का पहला दिन होने के कारण इसका असर ज्यादा नहीं पड़ा। आम आदमी को पटवारियों की हड़ताल की खबर पहले से थी, इसलिए इससे संबंधित कामकाज कराने के लिए लोग भी तहसील कम पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि हड़ताल का पुराने प्रकरणों की सुनवाई पर नहीं पड़ा है। दिनभर तहसील कोर्ट में सुनवाई हुई है। हालांकि हड़ताल अगर आगे भी जारी रहेगी तो सुनवाई पर भी इसका असर पड़ेगा।

## घटना के दो दिन पूर्व विशाल रायपुर पहुंच गया था

# युवती की हत्या करने के बाद पुष्टि के लिए दो बार होटल के कमरे में आया था आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप


गंज थाना क्षेत्र में दो दिनों पूर्व बेबीलॉन होटल में वाणी गोयल की हत्या कर विशाल गर्ग द्वारा खुदकुशी करने के मामले की पुलिस पड़ताल में जुटी हुई है। पूछताछ में पुलिस के सामने जो तथ्य सामने आए हैं, उसके मुताबिक विशाल के शनिवार शाम चार बजे के आसपास वाणी की हत्या करने की आशंका है। पुलिस को होटल से जो सीसीटीवी फूटेज मिला है, उसमें विशाल एक बार जिस ड्रेस में निकलता दिख रहा है, वापस आते समय उसका ड्रेस बदल गया था। इसी आधार पर पुलिस युवती की हत्या शाम चार बजे के आसपास होने की आशंका व्यक्त कर रही है।

गौरतलब है, बेबीलॉन होटल में पुलिस को वाणी की लाश सुबह 11 बजे मिली। युवती जिस कमरा 416 नंबर में रुकी थी, उस कमरा को खुलवाने पुलिस तथा मृतका के परिजनों को काफी मशक्कत करनी पड़ी थी। इस वजह से पुलिस को युवती की हत्या होने की जानकारी एक दिन देर से मिली। वाणी की हत्या शनिवार को कर दी गई थी।

### होटल के बाहर युवती के आने का इंतजार

विशाल शनिवार को दोपहर 12 से सवा 12 बजे के बीच होटल बेबीलॉन के पास पहुंचा और वह होटल के बाहर वाणी के आने का इंतजार करने लगा। वाणी डेढ़ बजे के करीब होटल पहुंची। इसके बाद वाणी और विशाल होटल के अंदर दाखिल हुए। पुलिस को दोनों के होटल के अंदर एक साथ दाखिल होने के जो सीसीटीवी फूटेज मिला है, वह दोपहर एक बजकर 40 मिनट का है।


पेशे से सीए के साथ शेफ का कोर्स कर रही थी युवती
स्टार होटल में हत्या, युवती को मारकर युवक ट्रेन से कटा, परिजनों ने की तोड़फोड़



### युवती ने ऑनलाइन कमरा बुक कराया था

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक वाणी ने ऑनलाइन पेमेंट कर होटल बुक कराया था। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक वाणी, विशाल को पसंद नहीं करती थी। ऐसी स्थिति में होटल में वाणी ने क्यों कमरा बुक कराया, इस बात को लेकर पुलिस कई तरह के कयास लगा रही है।

### पुष्टि करने दो बार होटल के रूम में गया

पुलिस के अनुसार होटल के रूम में दाखिल होने के बाद विशाल शाम चार बजे के करीब होटल से बाहर निकलता है और अपनी दीदी के घर पहुंचता है। वहां से वह 15 मिनट में ड्रेस बदलकर पुनः होटल पहुंचता है। होटल पहुंचने के बाद पुनः 10 मिनट के बाद होटल से बाहर निकल जाता है, 20 मिनट के बाद विशाल पुनः होटल पहुंचता है। पुलिस को आशंका है कि वाणी मरी है या नहीं, इस बात की पुष्टि करने विशाल दो बार होटल में कमरे के अंदर जाता है। युवती की मौत होने की पुष्टि होने के बाद विशाल दोबारा होटल नहीं आता है।

### चेहरे, हाथ में चोट के निशान

युवती के चेहरे तथा शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले हैं। पुलिस के अनुसार मारने के पहले विशाल तथा वाणी के बीच जमकर संघर्ष हुआ है। युवती ने शोर मचाने की कोशिश की। शोर मचाने पर विशाल ने युवती का मुंह दबाकर उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी। युवती के गले में चाकू के खरोंच के निशान भी मिले हैं।

### दो दिन पूर्व रायपुर पहुंचा

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक घटना दिनांक के दो दिन पूर्व विशाल रायपुर आ गया था। शिवानंद नगर में रहने वाली विशाल की दीदी को उसके आने की जानकारी नहीं थी। विशाल से उसकी दीदी ने रायपुर आने का कारण पूछा, तो विशाल ने अपने निजी काम से रायपुर आने की जानकारी अपनी दीदी को दी।

### भाई से कहा था कुछ करके आऊंगा

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक पांच जुलाई को विशाल जब रायपुर के लिए निकला तो उसने अपने भाई से कहा था कि वह या तो वाणी को अपने साथ लेकर आएगा, वाणी को साथ नहीं ला पाने की स्थिति में कुछ करके लौटेगा। पुलिस के अनुसार वाणी को हासिल नहीं कर पाने की स्थिति में विशाल ने उसकी हत्या करने की नीयत से सूरजपुर से निकला था।

# अब दो पालियों में शहर की सड़कों से मवेशी पकड़ेगी काऊकैचर की टीम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम का काउकैचर दस्ता अब दो पाली में निगम क्षेत्र के प्रमुख व रिहाइशी इलाकों की सड़कों को मवेशियों के झुंड से सुरक्षित रखने धरपकड़ अभियान चलायेगा। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में प्रतिदिन सुबह 6 बजे से काउकेचर टीम को एक्टिव रखने निर्देश दिये हैं। इस कार्य की मानिटरिंग करने अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता को नोडल अधिकारी और उपायुक्त हेमशंकर देशलहरा तथा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही को सहायक नोडल अधिकारी बनाया है।

- निगम क्षेत्र की सड़कों को मवेशियों के झुंड से मुक्त कराने नोडल और सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

रायपुर नगर निगम के 10 जोनों में अब जोन स्तर पर शहर की सड़कों पर यातायात बाधित कर रहे मवेशियों की धरपकड़ कर गोठान और कांजी हाउस भेजा जायेगा। कैटल केचमेंट क्षेत्र और सड़कों को मवेशियों से मुक्त करने निगम प्रशासन नियमित रूप से दो पालियों अभियान चलायेगा।

बारिश के सीजन में शहर की सड़कों पर मवेशियों के जमावड़ा होने और मवेशियों की धरपकड़ का अभियान धीमा होने से रोड एक्सीडेंट का खतरा बना रहता है। पुरानी बस्ती, लाखेनगर, आमापारा, शास्त्री बाजार, मालवीय रोड, एमजी रोड, गोलबाजार, कुशालपुर, रिंग रोड सहित अन्य क्षेत्रों में खुले में मंडरा रहे मवेशियों के झुंड से शहरवासी त्रस्त रहे हैं। इस संबंध में भुक्तभोगी जोन दफ्तर से लेकर निगम मुख्यालय और निदान 1100 सहित निगम के चैटबोट नंबर पर शिकायत करते रहे हैं। इसके बावजूद मवेशियों की धरपकड़ में तेजी नहीं आने से लोग परेशान रहे।

# जीएम का सख्त निर्देश, विकास कार्य में विलंब नहीं करेंगे बर्दाश्त, फंड की कमी नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेल की महाप्रबंधक नीनु इटियेरा ने दो दिनों तक रेलवे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान जीएम ने मंडल के उच्च अधिकारियों के साथ रेलकर्मियों को सेफ्टी में सतर्कता बरतने पर विशेष जोर दिया है। इसके अलावा अमृत भारत योजना के तहत स्टेशनों में चल रहे विकास कार्यों को लेकर सख्त निर्देशित किया है कि तक समय पर कार्यों को पूरा करना है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा है कि फंड की कोई कमी नहीं है। किसी भी चीज की आवश्कता होने पर मांग की जाए। जीएम ने कांट्रेक्टरों से गुणवत्ता में लापरवाही करने वालों पर तत्काल कार्रवाई करने को कहा है। जीएम के दौरे में मंडल का रेल अमला व्यवस्था को दुरुस्त करने में जुटा रहा। स्टेशन में सभी को नियमों का पालन करने सख्त निर्देश दिए गए थे। निरीक्षण में डीआरएम संजीव कुमार, मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति) एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक आशीष मिश्रा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी सहित रायपुर रेल मंडल के वरिष्ठ अधिकारी व पर्यवेक्षक मौजूद रहे।

- जीएम नीनु इटियेरा ने दो दिनों तक किया विकास कार्यों का निरीक्षण

### स्थानीय लोगों से की बातचीत

ताड़ोकी से रावघाट परियोजना का कार्य प्रगति पर है। महाप्रबंधक ने इस परियोजना से जुड़े सभी पहलुओं का गहन अध्ययन करते हुए दल्लीराजहरा, अंतागढ़, भिलाई व तड़ोकी स्टेशन में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया गया। दल्लीराजहरा स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे री डेवलपमेंट काम का निरीक्षण किया उन्होंने कार्यों के ले-आउट प्लान का अवलोकन भी किया साथ ही छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स, व्यापारी संघ व पार्षद सहित स्थानीय लोगों से मुलाकात की एवं ज्ञापन सौंपा।

दोनों महकमे के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने किया सर्वे

# आरडीए के 1200 करोड़ के आधा दर्जन प्रोजेक्ट को नगर निगम लेगा हैंडओवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर विकास प्राधिकरण के आधा दर्जन प्रोजेक्ट दशकभर बाद भी नगर निगम को हैंडओवर नहीं हो पाये। इसके कारण संबंधित कालोनियों के रहवासियों को नगर निगम से मूलभूत सुविधा मिलने में दिक्कत हो रही है। इस बात को ध्यान में रखते हुए आरडीए और नगर निगम के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने संबंधित क्षेत्र के स्पॉट सर्वे का काम पूरा कर लिया है। इसमें प्राधिकरण द्वारा 1600 एकड़ में विकसित कौशिल्या विहार, इंद्रप्रस्थ रायपुरा में निर्मित 3500 फ्लैट और 300 मकान, बोरियाकला में बनाये गये 1800 आवास वाला प्रोजेक्ट और हीरापुर में रायपुर विकास प्राधिकरण निर्मित 800 बहुमंजिला फ्लैट वाली आवासयी कालोनी शामिल है।

- जोन 10 कमिश्नरी हेडआफिस को अब प्रपोजल बनाकर देगा

नगर निगम और रायपुर विकास प्राधिकरण के बीच 1200 करोड़ के आधा दर्जन फंसे हैं। आरडीए ने इन प्रोजेक्ट को अब तक रायपुर नगर निगम को हैंडओवर नहीं किया है। प्राधिकरण ने



इन आधा दर्जन प्रोजेक्ट को अब नगर निगम को सौंपने पूरी तैयारी कर रखी है। इसके लिए नगर निगम और रायपुर विकास प्राधिकरण के 4-4 अफसरों की संयुक्त समिति बनाई गई है। इस समिति ने कौशिल्या विहार के 15 सेक्टर और इंद्रप्रस्थ रायपुरा की आवासीय कालोनी का संयुक्त सर्वे का काम पूरा किया है। अधिकारियों की इस संबंध में बैठक होने के बाद नगर निगम जोन 10 कमिश्नरी आरडीए इन संबंधित कालोनियों में जाकर वहां के सड़क की स्थिति, स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था,उद्यानों की माली हालत, गंदे पानी के शुद्धिकरण के लिए स्थापित एसटीपी और रहवासी आवासों की मरम्मत में होने वाले खर्च को लेकर प्रस्ताव बनाकर निगम मुख्यालय को सौंपेगा।

### प्रोजेक्ट हैंडओवर को लेकर अधिकारियों का ये है कहना

**प्रक्रिया में है ..**

कौशिल्या विहार और इंद्रप्रस्थ रायपुरा सहित आधा दर्जन आवासीय कालोनी को नगरनिगम में हैंडओवर लेने प्रक्रिया चल रही है। इसके लिए नगर निगम और आरडीए के अधिकारियों की संयुक्त समिति की बैठक हो गई है। जोन 10 इस संबंध में प्रस्ताव बनाकर निगम मुख्यालय को सौंपने वाला है। इसके बाद इस पर निर्णय लिया जायेगा।

*- राजेश शर्मा, अधीक्षण अभियंता नगर निगम और ज्वाइंट कमेटी के सदस्य*

**हम तैयार हैं ..**

नगर निगम रायपुर को हम अपने आधा दर्जन प्रोजेक्ट को हैंडओवर करने के लिए तैयार हैं। सभी प्रोजेक्ट का निरीक्षण कराया गया है, दोनों विभागों के बीच बैठक भी हो चुकी है।

*- अनिल गुप्ता, अधीक्षण अभियंता रायपुर विकास प्राधिकरण*

**प्रस्ताव बना रहे**

कौशिल्या विहार और इंद्रप्रस्थ रायपुरा के आवासीय कालोनी में स्ट्रीट लाइट की वर्तमान स्थिति, सड़क मरम्मत में होने वाले खर्च, उद्यान में होने वाले आवश्यक कार्य का स्थल पर आकलन कर प्रस्ताव बना रहे हैं। आरडीए से कितनी राशि लेना है, इसका डिमांड नोट तैयार कर दिया जायेगा। इसके बाद दोनों विभाग के अधिकारियों की एक बैठक और होगी। फिर एमआईसी की बैठक में प्रस्ताव मंजूरी के लिए जाएगा।

*- रमेश जायसवाल, जोन कमिश्नर, क्रमांक 10, ननि रायपुर*

## आदेश में कहा गया 15 दिन में नवीन पदस्थापना स्थल पर लें कार्यभार

# 58 नायब तहसीलदारों की तहसीलदार के पद पर पदोन्नति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य शासन ने 58 नायब तहसीलदारों को तहसीलदार के पद पर पदोन्नत करते हुए उन्हें जिले में पदस्थ किया है। राजस्व विभाग से जारी आदेश में कई को दूसरे जिलों में पदस्थ किया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि 15 दिन में नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण नहीं करने पर पदोन्नति आदेश स्वयंमेय निरस्त माना जाएगा। आदेश से प्रभावित होने वाले अधिकारियों में सतरूपा साहू गरियाबंद से मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, भूपेश कुमार चंद्राकर कबीरधाम से धमतरी, वितेश कुमार देवांगन बलरामपुर-रामानुजगंज से गरियाचंद, कुणाल पांडेय मुंगेली से बस्तर, प्रीति शर्मा जांजगीर-चांपा से गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, शालिनी तिवारी जांजगीर-चांपा से जांजगीर-चांपा, सत्येन्द्र शुक्ल रायपुर से कांकेर, राहूल कुमार गुप्ता बालोद से दंतेवाड़ा, सुनील कुमार गुप्ता कोरबा से बलरामपुर-रामानुगंज, श्रीधर पंडा महासमुंद से सुकमा, रश्मि दुबे बालोद से कोण्डागांव, उमंग जैन सूरजपुर से मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, किशन मिश्रा बलौदाबाजार-भाटापारा से दंतेवाड़ा, रवि विश्वकर्मा दुर्ग में यथावत, आस्था चंद्राकर रायगढ़ से जशपुर, राजश्री पाण्डेय बेमेतरा से कबीरधाम, नीलिमा अग्रवाल मनेन्द्रगढ़-धिरमिरी-भरतपुर से सारंगढ़-बिलाईगढ़, अंकिता पटेल सरगुजा में यथावत, अनुराधा पटेल सक्ती से रायगढ़, सोनू अग्रवाल बिलासपुर में यथावत पदस्थ किया गया है। मयंक कुमार अग्रवाल मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़, रायपुर से गरियाबंद, अमन चतुर्वेदी रायपुर से सरगुजा, पौरस वेनताल धमतरी से कांकेर, उमाकांत जायसवाल कांकेर से जांजगीर-चांपा, प्रियंका चंद्रा बलौदाबाजार-भाटापारा से कोरबा, हितेश कुमार साहू बिलासपुर से रायगढ़, सूरज बंछोर रायपुर से धमतरी, सृजन सोनकर दुर्ग से रायपुर, चंद्रशेखर चंद्राकर दुर्ग से बालोद, आकांक्षा साहू राजनांदगांव से सरगुजा, मनीषा देवांगन मनेन्द्रगढ़-विरमिरी भरतपुर से जशपुर, मनीष सूर्यवंशी जांजगीर-चांपा से सारंगढ-बिलाईगढ़, महेन्द्र कुमार रायगढ़ से जांजगीर-चांपा, अविनाश चौहान दुर्ग से जांजगीर-चांपा, ममता राधे जांजगीर-चांपा से सरगुजा, संदीप कुमार साय विलासपुर में यथावत, चंद्रकांत राही बेमेतरा से मुंगेली, आशीप कुमार देवहारी जशपुर से खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई, महेश्वर उड़के कोरवा से जशपुर, किशोर कुमार वर्मा महासमुंद से बलौदाबाजार-भाटापारा, कृष्णमूर्ति दीवान बिलासपुर से जशपुर, अभिजीत राजभानू सक्ती से कोरवा, लक्ष्मण कुमार राठिया कोरबा से बीजापुर, अखिलेश कुमार (निःशक्त) बेमेतरा से धमतरी, लीलाधर चंद्रा (निःशक्त) बिलासपुर से दंतेवाड़ा, शिवनारायण राठिया सूरजपुर में यथावत, कैलाश पोयाम धमतरी से बस्तर, मोहित कुमार साहू सक्ती से कांकेर और सौरभ चौरसिया को दुर्ग से नारायणपुर पदस्थ किया गया है। मनोज कुमार पैकरा बलरामपुर-रामानुजगंज को यथावत, अवनाश कुजूर नारायणपुर से गौरेला-पेड्रा-मरवाही, अखिलेश कुमार ध्रुव बस्तर से नारायणपुर, डिपंल ध्रुव कबीरधाम से गरियाबंद, संगिता नाग कोरिया से सरगुजा, ऋतुराज सिंह बलरामपुर-रामानुजगंज से जशपुर, जागेश्वरी पोयाम धमतरी से बस्तर, श्रुति ध्रुर्वे मुंगेली से मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर और पूनम रश्मि तिग्गा को जशपुर से बलरामपुर-रामानुजगंज पदस्थ किया गया है।

आयोग की सिफारिश पर 16वें वित्त आयोग से मिलेगी राशि

# वित्त आयोग आज आएगा, रायपुर के बाद जगदलपुर भी जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केन्द्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में 12 सदस्यीय दल 10 जुलाई की शाम राजधानी रायपुर पहुंच रहा है। यह दल 11 तारीख को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और मंत्रिमण्डल के सदस्यों और अधिकारियों के साथ राज्य की वित्तीय आवश्यकताओं, अधोसंरचना विकास तथा आर्थिक प्रगति सहित विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श करेगा। वित्त आयोग 12 एवं 13 जुलाई को जगदलपुर भ्रमण पर भी रहेगा।

केन्द्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष श्री पनगढ़िया के साथ आयोग के सदस्य अजय नारायण झा, एनी जॉर्ज मैथ्यू, मनोज कुमार पाण्डा, डॉ. सौम्य कांति घोष तथा आयोग के सचिव ऋत्विक रंजनम पाण्डेय, संयुक्त सचिव कमल कुमार मिश्रा, संयुक्त संचालक राघवेन्द्र सिंह एवं अन्य अधिकारी भी रायपुर पहुंचेंगे।

### बैठक में ये रहे उपस्थित

बैठक में संचालक कोष लेखा एवं पेंशन एवं नोडल अधिकारी 16वें केन्द्रीय वित्त आयोग महादेव कावरे, एनआरडीए के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सौरभ कुमार, रायपुर कलेक्टर गौरव कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, रायपुर नगर निगम के आयुक्त अविनाश मिश्रा, संचालक जनसम्पर्क अजय अग्रवाल सहित नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा सीएसआईडीसी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

जानकार सूत्रों के अनुसार प्रवास के दौरान आयोग यहां सरकार के साथ चर्चा करने के साथ ही पंचायत, नगरीय निकाय के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेगा। इसके साथ ही उद्योग एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ भी बातचीत का कार्यक्रम है। आयोग नवा रायपुर का भ्रमण करने के साथ ही बस्तर भी जाएगा। राज्य के प्रवास से लौटने के बाद आयोग अपनी रिपोर्ट में यह अनुशंसा करेगा कि राज्य को 16वें वित्त आयोग से कितनी राशि दी जानी है केन्द्रीय वित्त आयोग के छत्तीसगढ़ प्रवास को लेकर वित्त सचिव मुकेश बंसल ने होटल मेफेयर में तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप



### देवपुरी के शिव मंदिर में पूजा के बाद किया पौधारोपण

**रायपुर।** वर्धमान नगर विकास समिति और आमा तालाब विकास एवं संरक्षण समिति, देवपुरी के संयुक्त तत्वाधान में देवपुरी में पौधा रोपण किया गया। रथयात्रा के मौके पर कालोनी के उद्यान स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना की गई। इसके बाद समिति से जुड़े लोगों ने गणमान्य नागरिकों के साथ रूद्राक्ष, लाल चंदन, पारिजात, कचनार सहित विविध प्रजाति के 111 पौधों का रोपण किया। इसके साथ ही पौधों सुरक्षा की दृष्टि से ट्री गार्ड लगाया गया। पौधारोपण के कार्यक्रम में पर्यावरण प्रेमी हिरेंद्र देवांगन, एनआर नायडू, केके सिंह, पीके साहू, पीएल नायक, आईपी खटीक, हरदीप कौर, ऋषि बारले, चंपा देवांगन, विवेक वर्धन, आरएन शर्मा, उदय पाल जादौन, जिया उल हक, नीरज तिवारी, संदीप राठी,राम पटले सहित वार्ड के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### शिवसेना ने जलाया गो तस्करों का पुतला



**रायपुर।** शिवसेना (शिंदे गुट) रायपुर जिला इकाई द्वारा लगातार बढ़ रही गो तस्करी के विरोध में अभनपुर बस स्टैंड में गो तस्करों का पुतला दहन किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष नरेंद्र प्रजापति ने बताया कि प्रदेश में लगातार गो तस्करी बढ़ रही है और ये गो तस्कर सोशल मीडिया में भी सक्रिय हैं। प्रदेश में सक्रिय गो तस्करों का पुतला जलाकर उन्हे समझाइश दी गई कि तस्करी छोड़ दो।

### योजनाओं की धीमी प्रगति पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

**रायपुर।** जिले में बिजली विभाग की योजनाओं के धीमी गति से चल रहे कार्यों पर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने नाराजगी जताई है। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को काम में तेजी लाने तथा जल्द से जल्द काम पूरा करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर डॉ. सिंह ने रेडक्रॉस सभाकक्ष में सोमवार को विद्युत वितरण कंपनी के कार्यों की समीक्षा की।

## निधन

### दुर्गा प्रसाद दुबे



**बेमेतरा।** शहर के प्रतिष्ठित नागरिक, सेवानिवृत्त शिक्षक नयापारा वार्ड निवासी दुर्गा प्रसाद दुबे का 89 साल की उम्र में मंगलवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज बुधवार सुबह 9 बजे सिंघोरी स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे उत्तम दुबे, वरिष्ठ पत्रकार महेश दुबे तथा जवाहर दुबे के पिताजी थे।

# नई टिकट स्कीम से 24 घंटे में यात्रियों को मिल सकेगा रिफंड, नहीं करना होगा इंतजार


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय रेलवे में इन दिनों ज्यादातर यात्रियों की समस्या लगातार ट्रेन रद्द और फिर टिकट का रिफंड मिलने में देर बनी हुई है। यात्रियों की शिकायत रहती है कि उन्हें समय पर रिफंड नहीं मिलता। अपने पैसे के लिए कभी 3 दिन तो कभी सप्ताहभर का भी लंबा इंतजार करना पड़ता है। रेलवे ने यात्रियों की इस समस्या को अब खत्म करने का मन बना लिया है। जल्द ही टिकट रिफंड स्कीम लागू होगी, जिसमें यात्रियों को 24 घंटे के भीतर ही रिफंड मिल पाएगा। रेलवे लोकसभा चुनाव के बाद 100 दिन का एजेंडा तैयार कर लिया है, जिसमें रेलवे का जोर ज्यादा से ज्यादा ऐसी सुविधाएं प्रदान करना है, जिससे यात्रियों का सफर और बेहतर बन सके। एजेंडा में 24 घंटे टिकट रिफंड स्कीम, कॉम्प्रिहेंसिव सुपर ऐप, स्लीपर वंदे भारत ट्रेन और तीन इकोनॉमिक कॉरिडोर शामिल हैं। जोन के रेलवे अफसरों का कहना है कि नई स्कीम से टिकट कैंसिल करने और रिफंड में तेजी हो जाएगी। इस स्कीम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि यात्रियों को 24 घंटे के भीतर में टिकट रिफंड के पैसे मिल जाएं।

## वर्तमान में पैसे वापस आने में 3 दिन से एक सप्ताह तक का लग जाता है समय

### टीडीआर रिफंड प्रक्रिया से आएगी तेजी

रेलवे में टिकट डिपॉजिट रिसीप्ट, टीडीआर के कई मामले सामने आते रहते हैं। यदि यात्री कंफर्म टिकट को रद्द करवाना चाहते हैं, तो चार घंटे पहले टिकट काउंटर पर ही फार्म भरकर रिफंड मिल जाता है। यदि वेटिंग टिकट है तो आधा घंटा पहले भी आपको टिकट काउंटर से रिफंड मिल जाता है और ऑनलाइन टिकट के लिए कंप्यूटर से ही टिकट रद करा सकते हैं, लेकिन कहीं रेल हादसा हो गया है और यात्री प्लेटफॉर्म पर ट्रेन का इंतजार कर रहा है, तो ऐसे में चार्ट बन चुके होते हैं तो आपके लिए टीडीआर ही रिफंड का विकल्प है। इसके अलावा किसी आंदोलन के चलते ट्रेनों को रद्द कर दिया या फिर उनका रूट बदल दिया गया और यात्री टिकट का रिफंड लेना चाहता है तो टीडीआर भरना पड़ता है। पूरी प्रक्रिया में तीन दिन से अधिक समय लग जाता है। नई सिस्टम से रिफंड एक दिन में मिलेगा।



भारतीय रेलवे के 100 दिन के एजेंडा में नई टिकट स्कीम भी शामिल जल्द मिलेगी सुविधा

### सुपर ऐप भी करेगा कमाल

रेलवे की तरफ से एक सुपर ऐप भी लॉन्च करने की तैयारी है, जिसमें यात्रियों के लिए टिकट बुकिंग से लेकर ट्रेनों की लाइव लोकेशन देखने तक की सारी सुविधाएं एक ही जगह उपलब्ध रहेंगी। रेलवे के 100 दिन के एजेंडा में सभी यात्रियों के लिए एक बीमा योजना को पेश करना भी शामिल है जिसका नाम पीएम रेल यात्री बीमा योजना होगा।रेलवे के कायाकल्प की इस योजना में रेलवे को आधुनिक विश्व स्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित करने के लिए अगले पांच वर्षों में 10 से 12 लाख करोड़ रुपये का निवेश शामिल है।

### प्रयास जारी

हमारा प्रयास रहता है कि यात्रियों को कम समय में रिफंड मिल सके। रिफंड स्कीम को लेकर वर्तमान में पत्र नहीं मिला है। जानकारी मिलने से सूचित किया जाएगा।

- **विकास कश्यप,** सीपीआरओ

## परसुलीडीह कॉलोनी के 600 मकानों में पानी रोज आपूर्ति का मामला

# हाउसिंग बोर्ड में पानी कैसे पहुंचा इसकी जांच नहीं, जल कर वसूलने में कोताही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी परसुलीडीह का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। भीषण गर्मी में पानी की किल्लत होने पर कॉलोनी के लोग जब अप्रैल में जोन कार्यालय शिकायत करने पहुंचे, तब निगम को गड़बड़ी का पता चला था। इसके बाद कॉलोनी की जांच कराने और वहां रोज कितने पानी की आपूर्ति की जाती रही, इसके लिए एग्रीमेंट हुआ या नहीं, इसका पता लगाने और डिमांड तैयार करने में ही जिम्मेदार टाल-मटोल करने में लगे हैं। इससे टैक्स वसूली की प्रक्रिया अटक गई है। राजधानी में लोग नल की धार पतली होने, पेयजल की समस्या को लेकर टैक्स देने के बाद भी गर्मी में निगम को कोस रहे थे। इनमें सड्डू, मोवा और दलदल सिवनी क्षेत्र की बस्तियों में रहने वाले परिवार भी शामिल है। दूसरी तरफ विधानसभा और महालेखाकार दफ्तर तक रायपुर निगम द्वारा पेयजल आपूर्ति की जाती है। इसके बाहर परसुलीडीह में भी जोन की सड्डू स्थित पानी टंकी से आपूर्ति होती है। इससे जोन -9 के जिम्मेदार अनजान थे। नया जोन बनने के बाद हाउसिंग बोर्ड से जल प्रदाय के बदले टैक्स नहीं मिल रहा है। पता चला है कि उक्त एरिया 2019 से पहले जोन-2 का हिस्सा था। वहां से इस कॉलोनी का रिकार्ड जोन -2 से जोन -9 में दो महीने बाद भी नहीं पहुंचा है। इससे जल कर वसूलने के लिए जिम्मेदार डिमांड भी नहीं भेज पाए है।

### दोनों से मांगी गई जानकारी

अभी पुराने जोन कार्यालय और हाउसिंग बोर्ड से अनुबंध और टैक्स भुगतान लेने और देने की जानकारी मांगी गई है। अब अगर विलंब किया जाएगा, तो मामले की गंभीरता को देखते हुए हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में पेयजल आपूर्ति बंद की जाएगी।

- **संतोष कुमार पांडेय,** आयुक्त, जोन-9, ननि रायपुर

### मामले में इसलिए फंसा पेच

*परसुलीडीह हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी करीब 10 साल पुरानी है। वहीं निगम द्वारा कराए गए परिसीमन के बाद 2019 में जोन- 2 से यह क्षेत्र अलग होने के बाद जोन -9 में शामिल हुआ। इसके बाद भी कॉलोनी की राजस्व फाइल पुराने जोन में अटकी है। इसे देखते हुए जोन आयुक्त ने पुराने जोन के जिम्मेदारों से कॉलोनी में पानी आपूर्ति के लिए किए गए एग्रीमेंट और पूर्व में लिए गए टैक्स की जानकारी मांगी है। इसे पुराने जोन के जिम्मेदार 2 महीने बाद भी नहीं दे पाए है। यह पेच फंसने से निगम को जल कर नहीं मिल रहा है।*

### स्पाट जांच में मिली जानकारी

*निगम सीमा से बाहर बसी हाउसिंग बोर्ड की परसुलीडीह कॉलोनी में पानी की समस्या हर साल गर्मी में होती है। कॉलोनी में जोन-9 सीमा की सड्डू स्थित टंकी से पानी आपूर्ति होती है। इस कॉलोनी में 600 मकानों में चार लाख लीटर से ज्यादा पानी रोज सप्लाई की जाती है। लेकिन निगम द्वारा इसे नया जोन बनाने के बाद से जल प्रदाय का टैक्स नहीं मिल रहा है। मामले की जांच कराने के बाद निगम हाउसिंग बोर्ड को किस दर से पानी दे रहा है। पुराने जोन कार्यालय से अनुबंध हुआ या नहीं यह रिकार्ड भी खंगाल रहे हैं।*

# पुराने हास्टल की जगह नए अस्पताल भवन के पहुंच मार्ग में कई अड़चन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ प्रस्तावित भवन तक आवाजाही का रास्ता संकरा, विकल्प की तलाश

आंबेडकर अस्पताल की क्षमता बढ़ाने पुराने हास्टल की जगह बनाए जाने वाले नए भवन तक के पहुंच मार्ग में कई तरह की अड़चन है। भवन निर्माण के पहले इसे दूर करने की हिदायत दी गई है। साथ ही मुख्य मार्ग तक कनेक्टिविटी के लिए वैक्लपिक रास्ते की तलाश करने कहा गया है। आंबेडकर अस्पताल की क्षमता और संसाधन बढ़ाने के लिए मेडिकल कालेज के पुराने हास्टल स्थल को चयनित किया गया है। सूत्रों के अनुसार भवन निर्माण के लिए हास्टल की जगह तो पर्याप्त है मगर मुख्य सड़क से वहां तक आवाजाही वाले मार्ग में कई तरह की समस्याएं हैं। मरचुरी के सामने से प्रस्तावित स्थल तक पहुंचना काफी दिक्कत बड़ा हैं क्योंकि कई मोड़ वाला यह मार्ग बेहद संकरा है, जिससे एंबुलेंस सहित अन्य वाहनों की आवाजाही में परेशानी हो सकती है। इसके अलावा मार्ग का उपयोग आडोटोरियम, पीजी गर्ल्स और यूजी ब्वायज हास्टल तक आवाजाही के लिए किया जाता है। भवन निर्माण के बाद वहां बढ़ने वाले मरीज और उनके परिजनों की भीड़ परेशानी का कारण बन सकती है, इसलिए भवन निर्माण शुरू करने से पहले नए अस्पताल भवन और मुख्य मार्ग तक पहुंचने के लिए वैकल्पिक रास्ता निकालने पर जोर दिया गया है।

### स्वास्थ्य मंत्री कर चुके निरीक्षण

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने पिछले दिनों अस्पताल के नए भवन निर्माण के लिए प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण भी किया था। उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को ध्यान में रखते हुए निर्माण की प्रक्रिया शुरू करने से पहले कमियों को दूर करने के निर्देश अधिकारियों को दिया था। इस भवन निर्माण की योजना को राज्य शासन द्वारा अपने बजट में स्वीकृत किया था।

### 776 करोड़ की योजना

आंबेडकर अस्पताल की क्षमता बढ़ाने के लिए सात सौ बिस्तर का अस्पताल भवन बनाने के लिए 776 करोड़ की योजना बनाई गई है। यहां सात मंजिला भवन में उपचार की आधुनिक सुविधा जुटाने का दावा किया जा रहा है। अस्पताल भवन में उन विभागों को शिफ्ट किया जाएगा जिनके लिए पुराने भवन के वार्ड छोटे पड़ रहे हैं। इसके अलावा वहां मातृ एवं शिशु चिकित्सालय का अलग सेटअप भी तैयार किया जाएगा।

### सीजीएमएससी को जिम्मेदारी

भवन निर्माण और वहां संसाधन जुटाने का जिम्मा सीजीएमएससी को दिया गया है। उनके द्वारा भवन के ड्राइंग डिजाइन तैयार करने से लेकर भवन बनाने के लिए एजेंसी तय की जाएगी। भवन निर्माण के लिए आवश्यक तैयारियों शीघ्र शुरू किए जाने की संभावना है। इसके लिए पहले जर्जर हो चुके पुराने हास्टल भवन में धराशायी करने का काम पूरा किया जाएगा।

# खेत में नाली का पानी आने की डिप्टी सीएम से शिकायत

## कलेक्टर को निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में सोमवार को डिप्टी सीएम अरुण साव का दरबार लगा। इसमें पहुंचे धमतरी के एक किसान ने अपने खेत में नाली का पानी आने के शिकायत की। इस शिकायत पर तत्काल श्री साव ने धमतरी कलेक्टर को फोन लगाकर समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए। भाजपा के सहायता केंद्र में 125 फरियादी पहुंचे, जिनकी समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने सवा सौ से अधिक आवेदकों के आवेदनों के त्वरित निराकरण हेतु संबंधित जिले के कलेक्टर एवं राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों को मौक़े से ही निराकरण के निर्देश दिया। धमतरी के एक आवेदक द्वारा अपने खेत में आ रहे नाली के पानी को रोकने के संबंध में आवेदन किया गया था, जिस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने धमतरी कलेक्टर को दूरभाष पर प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। साथ ही दो आवेदकों के गंभीर रूप से बीमार परिजनों को एम्स रायपुर में भर्ती कराए जाने का निर्देश दिया। श्री साव ने कहा, प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही जनता का विश्वास भाजपा के प्रति और बढ़ा है क्योंकि भाजपा ने विधानसभा चुनाव में जो वादे किए थे, उन्हें लगातार पूरा कर रही है, जिसकी वजह से जनता के बीच प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार के सुशासन की चर्चा हर तरफ हो रही है।

जनता यह भलीभांति जान चुकी है कि छत्तीसगढ़ और देश भाजपा के हाथों में ही सुरक्षित है। जिस प्रकार से प्रदेश की जनता ने विधानसभा चुनाव में प्रदेश में कमल खिलाया है उसी तरह देश में नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाकर एक मजबूत भारत की कल्पना को पूरा किया है। सहायता केंद्र में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

यूजर चार्ज में संशोधन

# डूमरतराई थोक बाजार की दुकानों को फ्री होल्ड करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव को सौंपा ज्ञापन

छत्तीसगढ़ चैंबर आफ कामर्स के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने यूजर चार्ज में व्यावहारिक संशोधन, थोक बाजार डूमरतराई में निर्मित दुकानों को फ्री होल्ड करने, प्रदेश के पारंपरिक बाजारों को स्मार्ट बाजार में विकसित करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। डूमरताई थोक बाजार में निर्मित दुकानों को फ्री होल्ड करने और प्रदेश पारंपरिक बाजारों को स्मार्ट बाजार में विकसित करने की मांग को छत्तीसगढ़ चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों ने की है। प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव सहित चैंबर के प्रतिनिधिमंडल ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात कर यूजर चार्ज में व्यावहारिक संशोधन, थोक बाजार डूमरतराई के अंतर्गत दुकानों को फ्री होल्ड करने ज्ञापन सौंपा। इस पर विभागीय मंत्री अरुण साव ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए त्वरित कार्यवाही करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

### गाय को ठोकर मारने के विवाद में मारपीट कार में तोड़फोड़

**रायपुर।** आजाद चौक थाना क्षेत्र में रविवार देर रात एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से सड़क पर बैठी गाय के घायल होने के बाद आक्रोशित लोगों ने कार चालक का कोतवाली थाने तक पीछा किया। इससे घबराए कार चालक ने कोतवाली में सरेंडर कर अपने आपको बचाया। कार चालक तथा उसके एक अन्य साथी को पुलिस ने लोगों की भीड़ से बचाते हुए आजाद चौक पुलिस के सुपुर्द किया। पुलिस के मुताबिक गो-सेवक प्रीतम साहू ने कार सीजी-04 एचडी-6343 के चालक द्वारा गाय का एक्सीडेंट करने की शिकायत दर्ज कराई है। प्रीतम ने पुलिस को बताया कि घटना दिनांक को टाटीबंध से तेज रफ्तार कार के चालक ने गाय को ठोकर मार दी और मौके से फरार हो गया। इसके बाद लोगों ने कार चालक का बाइक तथा अन्य वाहनों से पीछा किया। कार चालक को लोगों ने कोतवाली थाने से चंद कदम की दूरी पर घेर लिया। लोगों की भीड़ से बचने कार चालक तथा कार सवार एक अन्य युवक कोतवाली थाने के अंदर घुस गए और अपने आपको पुलिस के हवाले किया।




# बिलासपुर में हवाई सुविधा बढ़ाने रायपुर में मार्च, सीएम को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ गांधी मैदान से सीएम हाउस तक जन संघर्ष समिति ने निकाली रैली

बिलासपुर में हवाई सुविधा का विस्तार करने लंबे समय से लड़ाई लड़ रहे जन संघर्ष समिति के सदस्यों ने राजधानी के गांधी मैदान से सीएम हाउस तक रैली निकाली। उन्होंने एयरपोर्ट के लिए सीमांकन की वजह से अटके भूमि हस्तातंरण सहित तीन सूत्रीय मांग को लेकर मुख्यमंत्री निवास जाकर ज्ञापन सौंपा। जन संघर्ष समिति के बैनर तले बिलासपुर में हवाई सुविधा शुरू करने के लिए लंबे समय से स्थानीय लोग आंदोलन कर रहे हैं।

### पांच साल से संघर्षरत

*समिति के सदस्य पिछले पांच साल से बिलासपुर में हवाई सेवा बढ़ाने के लिए अपनी लड़ाई लड़ रहे हैं। बिलासपुर राज्य का दूसरा सबसे प्रमुख शहर है मगर यहां हवाई सुविधा पर्याप्त नहीं है। बिलासपुर से छत्तीसगढ़ के 10 और मध्य प्रदेश के 3 जिले नजदीक है इसके बावजूद हवाई सुविधा में कमी है।*

### सौ से ज्यादा लोग पहुंचे

*हवाई सेवा के विकास के लिए बिलासपुर से करीब सौ लोग सड़क मार्ग से रायपुर पहुंचे। इनमें काफी संख्या में महिलाएं भी शामिल थी। गांधी मैदान में एकत्रित होने के बाद वे बैनर पोस्टर लेकर सीएम हाउस के लिए रवाना हुए। इनमें रामशरण यादव, शेख नजरुद्दीन, सुदीप श्रीवास्तव राजेंद्र शुक्ला, मनोज तिवारी, स्वर्ण शुक्ला, महेश दुबे सहित कई लोग शामिल थे।*

स्ट्रीट लाइट बंद होने से शाम होते ही अंधेरे में डूब जाता है मोतीलाल नेहरू वार्ड

# जोन 9 कार्यालय के दरवाजे पर ग्रामीणों के साथ वार्ड पार्षद ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ ज्यादातर इलाकों में नाली निर्माण नहीं, सड़क पर बहता है गंदा पानी



शहर के आउटर में स्थित जोन 9 के पंडित मोतीलाल नेहरू वार्ड में स्ट्रीट लाइट की लचर व्यवस्था और निकास नाली की अनदेखी को लेकर वहां के वार्डवासियों ने वार्ड पार्षद के साथ मोवा स्थित जोन दफ्तर में धरना दिया।


पार्षद गोपेश साहू ने जोन कार्यालय के दरवाजे पर ग्रामीणों के साथ धरना देते हुए कहा कि शाम होते ही वार्ड अंधेरे में डूब जाता है। ज्यादातर स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं, शिकायत के बाद भी जोन और निगम के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे। पंडित मोतीलाल नेहरू वार्ड के पार्षद गोपेश साहू ने वार्ड की मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी और जन समस्या को लेकर जोन 9 दफ्तर के सामने वार्डवासियों के साथ जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि खराब सड़कें, जलभराव और वार्ड की ज्यादातर स्ट्रीट लाइटें बंद होने से लोग बेहद परेशान हैं। निकास नाली की समस्या एक अरसे से बनी हुई। इसका समाधान जल्द किया जाये।

धरना प्रदर्शन में नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड के पार्षद रोहित साहू ने भी अपनी उपस्थित दर्ज कराई और नागरिकों को होने वाली समस्या के समर्थन में अपनी बात रखी। प्रभावित वार्ड के रहवासियों ने वार्ड पार्षद के साथ जोन 9 कमिश्नर संतोष पांडे को ज्ञापन सौंपा।

### क्रेडा कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

छत्तीसगढ़ राज्य के क्रेडा कर्मचारी नौकरी के अनुबंध पत्र बनाये के विरोध सहित 6 सूत्रीय मांग को लेकर तूता में अनिश्चितकालीन धरना दे रहे हैं। लामबंद कर्मचारियों ने सोमवार को धरना स्थल पर सामूहिक उपवास रखकर शासन का ध्यान अपनी लंबित मांगों के प्रति आकर्षित कराया। प्रदेश के 28 जिलों में सेवाकर्ता के रूप में क्रेडा के अंतर्गत कलेक्टर दर 540 तकनीशियन व हेल्पर कार्यरत हैं, जिनसे नौकरी के नाम अनुबंध कराया जा रहा है। इससे क्रेडा के सेवाकर्ता कर्मचारी नाराज हैं। प्रदेश सचिव भूपेन्द्र साहू का कहना है, अनुबंध पर रोक लगाने और पूर्व में जिनकी नियुक्त संविदा आधार पर हुई उन सभी तकशियनों को संविदा आधार पर वेतन भुगतान किया जाये। विभाग में 2012 से अनियमित कर्मचारियों को नियमित किया गया उसी अनुरूप तकनीशियनों भी नियमित करने की मांग कर रहे हैं। इसके अलावा शासकीय अवकाश का लाभ दिया जाये। वर्तमान में प्रतिमाह कर्मचारियों को 3 हजार यात्रा भत्ता दिया जाये।

**माचिस नहीं देने पर युवक को पीटा : रायपुर।** टिकरापारा थाना में एक युवक ने एक अन्य युवक के खिलाफ माचिस देने के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, संतोषी नगर निवासी दिलेश्वर ने अंकित भोसले के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। दिलेश्वर ने पुलिस को बताया कि रविवार को वह देर रात खाना खाने की बाद अपने घर के पास टहल रहा था। इसी दौरान अंकित ने उससे सिगरेट पीने माचिस मांगी। माचिस नहीं होने की बात कहने पर अंकित ने दिवेश्वर के साथ मारपीट की।




न्यायालय नायब तहसीलदार, थानखम्हरिया
जिला बेमेतरा (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र...../ अ-6-अ सन 2023-24

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका ठगिया पुरु उम्र 70 वर्ष जाति तेली ग्राम हरदास प.ह.न. 15 तहसील थानखम्हरिया जिला बेमेतरा के द्वारा श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) साजा के समक्ष आवेदन पेश किया है कि ग्राम हरदास प.ह.नं. 15 में कृषि भूमि ख.न. 35/1 रकबा 0.31 हे. स्थित है। उक्त भूमि में आवेदिका नाम त्रुटिवश ठगिया राजस्व अभिलेख में दर्ज हो गया है। जबकि आधार कार्ड, अन्य दस्तावेजों में वास्तविक नाम सरोजनी बाई दर्ज हैं। उक्त दोनों नाम आवेदिका का ही नाम है। जिसे राजस्व अभिलेख में त्रुटि सुधार कर ठगिया उर्फ सरोजनी बाई दर्ज किये जाने संहिता की धारा 114-115 छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 के तहत आवेदन पत्र के साथ बी-1, आधार कार्ड की प्रतिलिपि सहित पेश किया गया हैं, जो कि इस न्यायालय में जॉच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी को उजर / आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में उपस्थित होकर उपरोक्त मामले कि सुनवाई दिनांक 11.07.2024 को उपस्थित होकर स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से पेश कर सकते है। बाद आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 25.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय कि पद मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
थानखम्हरिया

## खबर संक्षेप



### परिक्षेत्रीय साहू समाज के अध्यक्ष बने शंकर

**दल्लीराजहरा।** परिक्षेत्रीय साहू समाज चिखलाकसा का गठन किया गया। सर्व सहमति से शंकर साहू को अध्यक्ष एवं दीनदयाल साहू को उपाध्यक्ष चुना गया। सुशील साहू को युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष मनोनीत किया गया। तहसील साहू संघ अध्यक्ष युवराज साहू ने गठन पश्चात कहा कि गठन से समाज के लोगों को सामाजिक गतिविधियों के विषय में जानकारी मिलेगी, रीति रिवाज, नियमावली, के विषय में जानकारी दी। उक्त अवसर पर संरक्षक मोहन लाल साहू, संगीता साहू, सुखमणी साहू, साधना साहू, मीना, तोरण, विजय, सुरेश, राकेश, दीपक, दुर्गश, अमीरात सहित साहू समाज के लोग उपस्थित थे।

### एकलव्य विद्यालय प्रवेश परीक्षा में करुणा प्रथम

**डौंडीलोहारा।** एकलव्य विद्यालय प्रवेश परीक्षा जिला बालोद ,विकास खंड डौंडीलोहारा के



शासकीय प्राथमिक शाला रानाखुज्जी से करुणा चुरेंद्र ने जिला में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर संकुल प्राचार्य आर के इंदौरिया, संकुल समन्वयक भागवत इंदौरिया, प्रधान पाठक बलराम सोनकर, शिक्षिका रंजीत देवांगन , नीता मानिकपुरी, शाला विकास समिति के अध्यक्ष गीता साहू,कौशिल्या साहू ,सरपंच पोषण बाई तारम ने बधाई दी है। करुणा चुरेंद्र के पिता ईश्वरी कुमार चुरेंद्र शासकीय प्राथमिक शाला साल्हे संकुल राधोनवागांव मे पदस्थ थे, जिनका 7 जुलाई को निधन हो गया। उनकी बिटिया ने आज शाला परिवार, संकुल, ब्लॉक के साथ साथ जिला में नाम रौशन किया है, जिसे पूरे संकुल परिवार सहित सभी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### केंद्रीय विद्यालय दुर्ग की छात्राएं धमतरी रवाना

**दुर्ग।** केंद्रीय विद्यालय धमतरी में आयोजित संभाग स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता के लिए केंद्रीय विद्यालय दुर्ग की छात्राएं आज रवाना हुई । केंद्रीय विद्यालय दुर्ग एवं केंद्रीय विद्यालय चरोदा की छात्राओं को प्राचार्य उमाशंकर मिश्रा ने आशीर्वाद देकर विदा किया। उल्लेखनीय है कि, संभाग स्तरीय यह प्रतियोगिता 9 जुलाई से 11 जुलाई तक चलेगी । यह छात्र अंडर 14 टीम के सदस्य हैं। संभाग स्तर पर विजेता टीम तथा उसके सदस्य राष्ट्रीय स्तर पर चुनी गई टीम हिस्सा होंगे। इस अवसर पर प्राचार्य उमाशंकर मिश्रा ने वंदनी साहू मैडम को केंद्रीय विद्यालय धमतरी के लिए सिंदूर का पौधा सौंपा। उन्होंने कहा-खेल भावना व्यक्ति को मानसिक तौर पर मजबूत बनाती है। खिलाड़ी कभी हारता नहीं है। खिलाड़ी की हर हार उसे जीत की प्रेरणा देती है। इस अवसर पर मुख्य अध्यापक कमल नारायण सोनी एवं अभिभावक गण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि संभागीय खेल में केवी दुर्ग एवं चरोदा के 24 छात्र भाग ले रहे हैं। इन छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन बंदिनी साहू शालू भट्ट एवं अंकिता शुक्ला करेंगी।

### जनदर्शन में पेंशन नहीं मिलने की शिकायत

**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज जनदर्शन में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में आज 171 आवेदन प्राप्त हुए। खुर्सीपार निवासी वर्ल्ड पैरा आर्म रेसलिंग चौम्पियनशीप में भाग लेने फंड की मांग की। उक्त चौम्पियनशीप का आयोजन यूरोप में अगस्त माह में होने वाला है। इसके पहले महाराष्ट्र एवं मथुरा में आयोजित नेशनल एंड पैरा आर्म रेसलिंग चौम्पियनशीप में गोल्ड मैडल प्राप्त कर चुकी है। इस वर्ष भी चौम्पियनशीप में भाग लेना चाहती है, लेकिन आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण बजट वहन करने में असमर्थ है।

## कहा- लंबे समय से दर्ज प्रकरणों को एक सप्ताह के भीतर निराकृत करें

# आवेदनों का निर्धारित अवधि में नहीं हुआ निराकरण, कलेक्टर ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक लेकर टीएल के संबंधित पत्र, विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन और अन्य गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों तथा टीएल के लिए प्रेषित प्रकरणों को समय सीमा में कार्यवाही नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बैठक में दिए गए निर्देशों एवं टीएल में दर्ज प्रकरणों पर गंभीरता के साथ कार्यवाही सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने लंबे समय से दर्ज प्रकरणों को एक सप्ताह के भीतर निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में ऑनलाइन पोर्टलों में लंबित आवेदनों के निराकरण की स्थिति की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने जन शिकायत एवं जन चौपाल में आए प्रत्येक आवेदन की जाँच कर त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में नशीले पदार्थों की बिक्री संबंधी समस्याओं पर आबकारी विभाग के अधिकारी को निराकरण करने एवं जिले में अवैध शराब तस्करी करने वालों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके अलावा पशुधन विकास विभाग को पशुओं के टीकाकरण की स्थिति और आवारा पशुओं को चिन्हकित कर उनके लिए उचित व्यवस्था करने को कहा। इसके पश्चात



### स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में रखें एंटीवेनम वेक्सीन

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया की अभी बरसात के मौसम में बहोत से जेहरीले सांप कीड़े का भय रहता है। इसके लिए सभी स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में एंटीवेनम वेक्सीन रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने डायरिया से बचाव और जागरूकता प्रचार प्रसार करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड ई-केवाईसी, ग्रीष्मकालीन कृषि की जानकारी, व्यवस्थापन एवं आबंटन, खाद एवं बीज भण्डारण, मिट्टी नमूना संग्रहण, शौचालय निर्माण, निराश्रित पेंशन, सारबिला अकादमी, दिव्यांग पेंशन, मध्याहन भोजन, अनाज भंडारण, मनरेगा, भू-अर्जन सहित अन्य विषयों पर जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग एवं राज्य राजमार्ग के सड़कों की वर्तमान स्थिति, मरम्मत एवं प्रस्तावित कार्यों के विवरण की जानकारी ली एवं आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी शिक्षकों को समय पर स्कूल आने और बच्चों को गंभीरता से पढ़ाने को कहा, ताकि परीक्षा परिणाम में सुधार आये। इस दौरान उन्होंने शिक्षा विभाग की उल्लास कार्यक्रम की जानकारी लेकर उसकी प्रगति पूछी। उन्होंने बारिश के मौसम में पौधारोपण को बढ़ावा देने शिक्षकों के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने को कहा और स्वयं को भी वृक्षारोपण करने को कहा। उन्होंने शिक्षा विभाग को स्कूलों और कॉलेज की स्थिति सुधारने और छात्रों के शैक्षणिक स्तर को बढ़ाने के लिए विशेष योजनाएं तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विकासखंड में चल रहें कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन की जानकारी ली और जिले में खाद बीज भंडारण और वितरण के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने बिजली विभाग से कहा की जिन जिन जगहों पर ट्रांसफार्मर खराब हो गए हैं उन ट्रांसफार्मर को बदलने का कार्य भी किया जाना सुनिश्चित किया जायें। उन्होंने ग्रामीण अंचल या खेतों में लटकते हुये तार कनेक्शन तत्काल ठीक कर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के भर्ती के संबंध में ली जानकारी

जिलाधीश ने आगामी प्रवेश परीक्षा को सफलतापूर्वक पूर्ण करने संबंधित अधिकारी को कहा। उन्होंने महिला एवं बाल विकास से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के भर्ती के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने खाद्य विभाग से राशन कार्ड वितरण के प्रगति की समीक्षा करते हुए आगामी समय सीमा तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एडीएम अनिल वाजपेयी, संयुक्त कलेक्टर द्वेय टेकराम माहेश्वरी, अंकिता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर दिव्या पोटाई, सर्व एसडीएम, सर्व जनपद सीईओ, सीएमओ, सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# लायन्स क्लब बेमेतरा सिटी को मिले कई अवार्ड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ बिलासपुर में हुआ अवार्ड सेरेमनी

लायन्स इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के अवार्ड सेरेमनी समारोह बिलासपुर में आयोजित हुआ। उक्त कार्यक्रम में लायन्स क्लब बेमेतरा सिटी को भी अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान लायन्स क्लब बेमेतरा सिटी के सचिव डॉ विनय ताम्रकार को बेस्ट क्लब सेक्रेटरी (आउटस्टैंडिंग सेक्रेटरी अवार्ड) दिया गया।

वहीं, संस्था के अध्यक्ष सुरेंद्र छाबड़ा को बेस्ट क्लब प्रेसिडेंट (आउटस्टैंडिंग प्रेसिडेंट अवार्ड) का अवार्ड डिस्ट्रिक्ट के 2023- 2024 सत्र के गवर्नर शैलेश अग्रवाल द्वारा प्रदान किया गया । इसके अलावा समारोह में सुरेन्द्र छाबड़ा को रीजन जीएलटी कोऑर्डिनेटर का एक्सीलेंस अवार्ड भी मिला । बता दें कि डिस्ट्रिक्ट 3233 सी में सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ और आधे मध्यप्रदेश के 128 लायन्स क्लब आते हैं। लायन्स क्लब बेमेतरा को दो सर्टिफिकेट ऑफ एप्रेसिएशन भी मिला है । इस तरह लायन्स क्लब बेमेतरा सिटी को पांच अवार्ड मिले । अवार्ड समारोह में 200 से अधिक लायन्स उपस्थित थे ।विदित हो कि लायन्स क्लब आम जनों के लिए मानव सेवा का कार्य करता है । इसमें पर्यावरण संरक्षण , भूख से बचाव, स्वास्थ्य सेवाएं जैसे डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, कैटारैक्ट,दृष्टिविहीनता (अन्धत्व निवारण) बच्चों का कैंसर पर विशेष कार्य करते हैं । इसके साथ ही बेमेतरा के जिला अस्पताल में पैदा होने वाले सभी बच्चों को बेबी किट प्रदान किया जाता है । बेमेतरा के जिला अस्पताल में लायन्स क्लब द्वारा डायलिसिस मशीन प्रदान किया गया है ।अभी जिला अस्पताल में पांच डायलिसिस मशीन चल रहा है। ये दोनों लायन्स क्लब बेमेतरा सिटी के परमानेंट प्रोजेक्ट हैं।

# कृषि स्नातक छात्रों ने कमकापार वाटरशेड योजना में लिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



दुर्ग के कृषि स्नातक छात्रों ने कमकापार वाटरशेड योजना में प्रशिक्षण लिया। नाबार्ड के वित्तीय सहयोग से रुरल डेवेलपमेंट द्वारा ग्राम कमकापार, टेकापार, डौंडी लोहारा में जलग्रहण योजना का संचालन किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत मिट्टी एवं जल संरक्षण के साथ जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

उपरोक्त परियोजना की सफलता को देखने समझने के लिए विश्वविधालय से कृषि स्नातक के 50 छात्रों का एक दल परियोजना क्षेत्र में पहुंचा। संस्था के सचिव एसके. खरे ने छात्रों को जलग्रहण योजना के सिद्धांतों की जानकारी देते हुये बनाए गई संरचनाओं की विस्तृत जानकारी दी। संस्था के कृषि इंजीनियर सौरभ दास ने सभी संरचनाओं की तकनीकी जानकारी प्रदान की।

संस्था द्वारा संचालित जलवायु परिवर्तन रिसोर्स सेंटर में स्व सहायता समूह द्वारा बनाए जाने वाले जैविक कीटनाशकों एवं जैविक खाद निर्माण पर प्रशिक्षण दिया गया। सतेन्द्र कुमार सिन्हा द्वारा योजना के अंतर्गत आजीविका विकास की गतिविधियों की जानकारी दी एवं वनोत्पाद से संबन्धित उत्पादों को भी दिखाया।

# ग्राम खिलौरा में मनाया गया संकुलस्तरीय प्रवेश उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय के समीप संकुल केंद्र खिलोरा में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया।

इस दौरान ग्राम के जनप्रतिनिधि, नागरिक व शिक्षकों ने पहली, छठवीं व नवमी के विद्यार्थियों का तिलक लगाकर तथा उनका मुँह मीठा कराकर स्वागत किया। इसके साथ ही शासन की योजना के अनुसार नि-शुल्क पाठ्य पुस्तक एवं यूनिफार्म का वितरण किया। शाला प्रवेश पर स्कूल के विद्यार्थी भी काफी उत्साहित नजर आए और बड़ों का आशीर्वाद लेते रहे। प्रवेश उत्सव में शिक्षक पीएस यदु, पीआर पात्रे, निर्मला साहू, हीरालाल शर्मा, सूर्य प्रताप साहू, सत्येंद्र प्रताप सिंह, मोहनी सोनी, आशीष, मनोज वर्मा, गैंदराम वर्मा, नेहा रानी गेंद्रे, सुचिता निषाद, संकुल समन्वयक नीलेश सोनी सहित पालक व स्कूल के विद्यार्थी मौजूद रहे।

# नांदघाट में धूमधाम से निकाली गई भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांदघाट

नगर में रविवार को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा भक्तिभाव के साथ निकाली गई। इस दौरान रथ को विशेष फूल मालाओं से सजा कर भगवान जगन्नाथ,बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के महामाया मंदिर में विशेष पूजा अर्चना के पश्चात नगर में रथयात्रा निकाली गई।

श्रद्धालु अपने हाथों से रथ को खींचते हुए आगे बढ़ा रहे थे। यह रथयात्रा महामाया मंदिर से शुरू होकर बाजार चौक,आबादी पारा,पुलिस थाना, बस स्टैंड, बजरंग चौक होते हुए शीतला मंदिर पहुंची। भगवान जगन्नाथ वहां 9 दिनों तक प्रवास के बाद वापस लौटेंगे। इस दौरान भक्तगण



आतिशबाजी के साथ भगवान जगन्नाथ के जयकारे लगाए तो वहीं रथयात्रा के स्वागत कर पूजा अर्चना की गई। इस दौरान सरपंच सरिता कटारे,विजय शंकर ठाकुर,मनीष जायसवाल,विजय यादव,लाला कटारे,लेखराम वर्मा,उपसरपंच संदीप वैष्णव,व्यास वर्मा,शैलेंद्र अग्रवाल,राजू चक्रधारी,श्याम वैष्णव, मनोज यादव,रज्जू वैष्णव,अविनाश जायसवाल सहित ग्रामीण मौजूद थे।

# एसडीएम शीतल व डीसी तरूणा का हुआ स्थानांतरण, दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

एसडीएम बालोद शीतल बंसल के संयुक्त कलेक्टर के पद पर जिला राजनांदगांव एवं डिप्टी कलेक्टर तरूणा साहू का अवर सचिव के पद पर महानदी भवन मंत्रालय रायपुर में स्थानांतरण होने पर सर्किट हाउस में विदाई समारोह आयोजित किया गया।

कलेक्टर चन्द्रवाल ने शीतल बंसल को कार्य के प्रति समर्पित एवं निष्ठावान अधिकारी बताते हुए उनके कार्यों की प्रशंसा की। इस दौरान उन्होंने डिप्टी कलेक्टर तरूणा साहू के कार्यों एवं व्यवहार



की सराहना की। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने शीतल बंसल को एक योग्य एवं कुशल प्रशासनिक अधिकारी बताया। उन्होंने कहा कि शीतल बंसल एवं तरूणा साहू अपने नये कर्मक्षेत्र में भी उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्य का प्रदर्शन करेंगे। अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक ने शीतल बंसल एवं तरूणा साहू को अपने कार्य के प्रति सजग एवं समर्पित अधिकारी बताया। समारोह में उपस्थित अधिकारियों ने भी शीतल बंसल एवं तरूणा साहू के कार्यों का स्मरण करते हुए उन्हें बेहतरीन प्रशासनिक अधिकारी बताया।

# शाला नायक चुने गए तेजप्रकाश, पुष्कर उपशाला नायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

■ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हुआ छात्र संघ का गठन

नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को छात्र संघ का गठन प्रत्यक्ष मतदान पद्धति के माध्यम से कराकर बच्चों को भारतीय मतदान प्रक्रिया से अवगत कराया गया ।विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य लूणकरण ठाकुर के निर्देशन व विद्यालयीन शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों का चयन विभिन्न प्रभारों के लिए किया गया। जिसमे शाला नायक तेजप्रकाश पटेल बारहवीं विज्ञान, उपशाला नायक पुष्कर तामुरिया बारहवीं वाणिज्य, क्रीड़ा सचिव जितेंद्र, उपसचिव मेघा निषाद, हेमचंद, सांस्कृतिक सचिव टोमेश्वरी, उपसचिव राधिका बघेल, विज्ञान सचिव गीतांजली निषाद, उपसचिव देविका पटेल, पर्यावरण सचिव देवेंद्र पटेल, उपसचिव सुमन पटेल, अनुशासन सचिव नवीन सिन्हा,उपसचिव



सोलिहा सिद्दीकी, स्वास्थ्य सचिव सुकृति कोलियारे, उपसचिव उज्जवल खत्री, स्वच्छता सचिव प्रतीक साहू , उपसचिव कुणाल देशमुख , रेडक्रॉस सचिव प्रियंका मंडावी, उपसचिव चेतना लाटेंद्र, स्काउट गाइड सचिव मनीष कुमार, उपसचिव द्रौपति प्रजापति, युवा क्लब अध्यक्ष दिव्या कौमार्य, सचिव संजना सिन्हा, योग प्रभारी रोशनी शर्मा, भावना खरे, कक्षा नायक व उपनायक बारहवीं कला मनीष यादव,सोलीहा सिद्दीकी, बारहवीं विज्ञान लवकिशोर बर्सेल, रोशनी शर्मा ,बारहवीं वाणिज्य मनीष कुमार , छायारानी, ग्यारहवी कला उज्जवल खत्री, शीतल विश्वकर्मा, ग्यारहवी विज्ञान प्रतिभा चनाप, भूमिका साहू, ग्यारहवीं वाणिज्य लक्ष्य कुमार, नीलम भेड़िया, दसवीं अ चिरंजीव साहू, लालसा राणा , दसवीं ब लेहान तामुरिया, यामिनी देवांगन, नवमी अ मयंक कुमार, गोविता साहू, नवमी ब, विवेक सिन्हा, धर्मेंद्र कुमार, नवमी स, तुमेश कुमार, नेहा ठाकुर का चयन किया गया। सभी पदाधिकारियों को व्याख्याता प्रदीप कुमार मेश्राम के द्वारा कर्तव्यनिष्ठा, पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। व्याख्याता अविनाश कुमार साहू द्वारा बच्चों को छात्र जीवन में अनुशासन के महत्व को बतलाते हुए सभी शिक्षकों की ओर से सभी नवीन पदाधारियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित गया। तत्पश्चात सभी बच्चों द्वारा एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण करके उसके सुरक्षा की शपथ ली। कार्यक्रम में सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं व बच्चे उपस्थित थे।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल में कार्यशाला का किया गया आयोजन

# विद्यार्थियों को यातायात के नियमों की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बालोद में कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के अधिकारियों ने छात्रों को यातायात नियमों का पालन करने की जानकारी दी और उन्हें विभिन्न नियमों के प्रति जागरूक किया।

छात्रों को बताया कि ओवरस्पीड, बाईक पर स्टंट करना, गलत दिशा में वाहन चलाना, वाहन चलाते समय मोबाईल का प्रयोग करना, शराब पीकर वाहन चलाना, नींद की अवस्था में वाहन चलाना, वाहन चलाते समय सोशल मीडिया के लिए रील्स बनाना,



ओवरटेकिंग करना, इंडिकेटर का प्रयोग न करना, पैदल चलते समय बिना दाएं बाएं देखे सड़क पार करना आदि सड़क दुर्घटना के प्रमुख कारण है।

अधिकारियों ने हेलमेट, सीट बेल्ट, इंडिकेटर, हॉर्न, शहर में दुर्घटना होने पर 108 पर कॉल तथा नेशनल हाइवे पर दुर्घटना होने पर 1033 पर कॉल कर एंबुलेंस को सूचित करने की जानकारी दी। साथ में यह भी बताया गया कि अब पुलिस के द्वारा नेक नागरिक को थाने में बुलाकर परेशान नही किया जाता है। अगर वे स्वयं जाना चाहे तो ही जा सकते है। कार्यक्रम में दुर्घटना में मिलने वाले मुआवजा राशि के बारे में तथा ट्रैफिक नियम का पालन नहीं करने पर लगने वाले जुर्माने के बारे में भी बताया गया। बच्चों को यह भी समझाया गया कि 18 साल होने के पहले और बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाहन नहीं चलाए। अगर वाहन चलाते पकड़े गए तो पच्चीस हजार और उनके अभिभावकों को 6 महीने की जेल तक हो सकती है। बच्चों को अपने परिवार, दोस्तों और आस पड़ोस के लोगों को भी यह जानकारी देने को कहा गया। मौके पर प्राचार्य अरुण कुमार साहू, शिक्षक रोमेन्द्र देवांगन एवं पंकज सोनी उपस्थित रहे।

# बिजली की दर में वृद्धि का विरोध कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दल्ली राजहरा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार द्वारा बिजली बिल में की गई वृद्धि के विरोध में सोमवार को धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान वक्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार की गलत नीतियों के कारण राज्य में विद्युत आपूर्ति सरप्लस होने के बावजूद विद्युत दरों में बेतहाशा वृद्धि कर दी गई है। इसके साथ ही कहा कि अघोषित विद्युत कटौती से प्रदेश की आम जनता व किसान परेशान है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दल्ली राजहरा के द्वारा एसडीएम कार्यालय के समीप एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार पूरे समय राज्य में बिजली नहीं दे पा रही है। ऊपर से सरकार ने बिजली के दामों में 8 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है। स्मार्ट मीटर लगाकर उपभोक्ता को लूटने की तैयारी भाजपा सरकार कर रही है। कांग्रेस पार्टी इसका विरोध करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनने के 6 माह के भीतर ही बिजली की व्यवस्था चरमरा गई है। आम जनता एवं किसानों पर बिजली कटौती और बिजली के दामों में बढ़ोतरी से आर्थिक नुकसान एवं किसानी कार्य में रुकावट हो रही है।